THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) to (d) Delhi Administration has intimated that applications are required to be submitted by the teachers because some of the teachers acquire qualification of Post Graduation during service. The Delhi Admn. consider that inviting of applications is essential for up-dating their existing records and subject-wise eligibility lists, in the interest of the teachers themselves. It is true that teachers who are eligible may be left out if they fail to apply in time, though not permanently. However, Delhi Adwmnistration have been advised by the Government to make the procedure simpler and more rational.

बाल विवाह की सूचना देने वालों को प्रोत्साहन

4199. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उन व्यक्तियों जो पुरस्कार देने का विचार रखती है जो बाल विवाहों की सूचना देगी ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उत्तर प्रदेश के रायबरेली और सुल्तानपुर जिलों के बाल विवाहों के बारे में सूचना देने वाले व्यक्तियों के नाम क्या हैं तथा उन्हें प्रोत्साहन देने की लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

मानव संसाधन विकास (युवा कार्य और खेल विभाग) मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (कुमारी ममता बनर्जी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) उत्तर प्रदेश सरकार से सूचना प्राप्त की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जायेगी ।

प्रश्न पत्रों का लीक हो जाना

4200. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार को बोर्ड की कुछ परीक्षाओं के प्रश्न -पत्र गायब होने और लीक होने का समाचार मिला है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान ऐसी घटनाओं का राज्यवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) सरकार को मिली जानकारी के अनुसार जहां तक केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं का संबंध है, प्रश्न-पत्रों के खोने अथवा लीक होने की कोई घटना नहीं हुई है। 1991 में मध्य प्रदेश में हायर सैकेन्डरी परीक्षा और खुला स्कूल प्रमाण-पत्र की पूरक परीक्षा के भी प्रश्न-पत्रों के गायब होने संबंधी मामले को सरकार के ध्यान में लाया गया था।

(ग) इन समस्याओं से निपटने और यथासम्भव यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसी कोई घटना घटित न हो देश के सभी स्कूल शिक्षा बोर्डों में उपर्युक्त तंत्र हैं।

Synthetic Running Track

4201. SHRIMATI RATAN KUMARI: Will the Minister of the HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whther it is a fact that Sports Authority of India (SAI) and Haryana Agriculture University (HAU) Hissar have placed an order on M|s. Balsam Sports Ltd., Cyprus for laying a 13mm Spurtan-V, 6,00 sq. M Synthetic Running Track at SAI Centre, Bangalore and Sports Centre HAU Hissar;